JK

Roll No. ____________________________

O.M.R. Serial No. : | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. IV Semester (NEP) Examination, 2025-26

## HINDI

## शैली विज्ञान

## (Elective)

| Question Booklet Series |
|---|
| C |

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

***Instructions to the Examinee :***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on the last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

***(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)***

**Rough Work**

रफ कार्य

1. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा काल से आधुनिक हिंदी तक नपुसकलिंग का विलुप्तीकरण भााषिक विकास की प्रक्रिया में किसका परिणाम कहा जा सकता है?

   (A) बलाघात
   (B) द्वित्वीकरण
   (C) परंपरा
   (D) स्वरागम

2. वक्ता द्वारा किसी पद पर विशेष बल देकर उच्चारण करना क्या कहलाता हैं?

   (A) बलाघात
   (B) उच्चारण लाघव
   (C) दीर्घीकरण
   (D) ह्स्वीकरण

3. विराम चिह्नों के परिवर्तन से वाक्य के अर्थ में परिवर्तन की कौन सी परिस्थितियाँ संभव है?

   (A) पूर्ण अर्थ परिवर्तन
   (B) आंशिक अर्थ परिवर्तन
   (C) अर्थ वैपरीत्य
   (D) उपर्युक्त सभी

4. वाक्य में किसी पद के लोप होने से हुए वाक्य परिवर्तन को क्या कहते हैं?

   (A) पदान्वय
   (B) पदलोप
   (C) पदार्थ बोध
   (D) पद प्रयुक्ति

5. वाक्य में किसी अतिरिक्त पद के आकर जुड़ जाने से हुए वाक्य परिवर्तन को क्या कहा जाता है?

   (A) पदलोप
   (B) पदागम
   (C) पद परिवर्तन
   (D) पद संयोजन

6. वाक्य परिवर्तन के कारकों में सम्मिलित नहीं है?

   (A) प्रयत्न-लाघव
   (B) अनुकरण
   (C) स्पष्टता
   (D) उक्त सभी

7. किसी भी शब्द को पद बनने की अनिवार्य योग्यता क्या बताई गई हैं?

   (A) वाक्य से स्वतंत्रता
   (B) वाक्य में प्रयोग
   (C) (A) और (B) दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से किसे वाक्य के अंगों में सम्मिलित किया जाता है?

   (A) उद्देश्य
   (B) विधेय
   (C) (A) और (B) दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं

9. अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकारों में सम्मिलित नहीं हैं?

(A) विधानसूचक

(B) प्रश्नसूचक

(C) आज्ञासूचक

(D) सरल वाक्य

10. रचना के आधार पर वाक्य के तीन पत्रकारों में किसे सम्मिलित नहीं किया जाता है?

(A) सरल

(B) संयुक्त

(C) मिश्रित

(D) जटिल

11. भारतीय विद्वानों ने अर्थबोध के साधनों की संख्या कितनी मानी है?

(A) 10

(B) 9

(C) 8

(D) 7

12. किसी भाषिक संरचना का दूसरी भाषिक संरचना में रूप परिवर्तन की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(A) व्याकरण

(B) अनुवाद

(C) संचरण

(D) रूपांतरण

13. मिश्रित भाषा का उदाहरण कौन सी भाषा हैं?

(A) इंग्लिश

(B) हिंदी

(C) तमिल

(D) हिंग्लिश

14. 'कोड लैंग्वेज' का हिंदी रूपांतर क्या है?

(A) कृत्रिम भाषा

(B) मिश्रित भाषा

(C) कूट भाषा

(D) बोली

15. विभाषा (स्लैंग) किसे कहते हैं?

(A) सामाजिक शिष्टाचार युक्त भाषा

(B) राजनीतिक प्रभाव में विकसित भाषा

(C) व्याकरणिक भाषा

(D) सामाजिक शिष्टाचार से च्युत भाषा संरचना

16. निम्नलिखित में से किस भाषा के विकास को भाषिक विकास से अधिक तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव के रूप में विश्लेषित किया जाता है?

(A) गुजराती

(B) पालि

(C) मराठी

(D) उर्दू

17. एक ही भाषा की बोलियों में बोधगम्यता का स्तर क्या होता है?
   (A) आंशिक बोधगम्य
   (B) पूर्णतः बोधगम्य
   (C) बोधगम्य
   (D) अबोधगम्य

18. भाषा और बोली का अंतर है :
   (A) इतिहास का विकासक्रम
   (B) भौगोलिक क्षेत्र का विस्तार
   (C) आर्थिक व्यवस्था का निर्धारण
   (D) राजनीतिक संरचना

19. उपभाषा किसे कहते हैं?
   (A) उपबोलियों का समूह
   (B) भाषाओं का समूह
   (C) ध्वनियों का समूह
   (D) बोलियों का समूह

20. किसी भी जन्मजात भाषा के सीखने की प्रक्रिया कैसी होती है?
   (A) स्वाभाविक
   (B) कृत्रिम
   (C) तकनीकी जन्य
   (D) संसाधन युक्त

21. भाषा व्यवहार का लघुत्तम रूप क्या है?
   (A) व्यक्ति बोली
   (B) सामूहिक भाषा
   (C) आदिम भाषा
   (D) ध्वनि मात्र

22. समाज किसी भी रूप में भाषा से अलग नहीं है, विचारधारा भी संकेत परक होती है।'' उक्त मान्यता किस विद्वान की हैं?
   (A) मुकरोव्स्की
   (B) डेविड फॉर गैट्स
   (C) मिकाइल बख्तिन
   (D) सैंडर हर्बे

23. भाषा के अर्थ निर्धारण का आधार क्या है?
   (A) संदर्भ से रहित होना
   (B) संदर्भ युक्त होना
   (C) (A) और (B) दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं

24. मार्क्सवादी शैली विज्ञान की मान्यता क्या है?
   (A) रचना रचनाकार के व्यक्तिगत कौशल की उपज है
   (B) शैली का ऐतिहासिक प्रतिनिधि समूह भी वरेण्य है
   (C) शैली की सामाजिक विचारधारा भी विचारणीय है
   (D) (B) और (C) दोनों

25. कृति को किसके संयोजन का परिणाम माना जा सकता है?
   (A) भाषिक उपादान और साहित्यिक उपादान
   (B) व्याकरणिक उपादान व गणितीय उपादान
   (C) समाज वैज्ञानिक उपादान व वैज्ञानिक उपादान
   (D) भाषिक उपादान व आर्थिक उपादान

26. रचना और रचनाकार के व्यक्तित्व के बीच के संबंधों का अध्ययन शैली विज्ञान के किस प्रकार के अंतर्गत आता है?

(A) भाषा वैज्ञानिक शैली विज्ञान

(B) वर्णनात्मक शैली विज्ञान

(C) वैयक्तिक शैली विज्ञान

(D) उत्पत्तिमूलक शैली विज्ञान

27. उत्पत्तिमूलक शैलीविज्ञान का जनक किसे माना जा सकता है?

(A) लियो स्पित्जर

(B) शक्लोव्स्की

(C) रोजर फाउलर

(D) जॉक देरिदा

28. शैली विज्ञान के अंतर्गत शैलीगत समांतरता (Parallelism) सिद्धांत का प्रस्ताव किसने किया?

(A) मुकरोव्स्की

(B) ज्योफ्री एन.लीच

(C) एन.ए.के. हैलिडे

(D) रोमन याकोब्सन

29. ''रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून।।''
उक्त पंक्तियां शैली वैज्ञानिक अध्ययन में विचलन के किस प्रकार का उदाहरण है?

(A) अर्थविचलन

(B) शब्द विचलन

(C) रूप विचलन

(D) वाक्य विचलन

30. कृति के अर्थ चयन के निर्धारक तत्वों में किसे सम्मिलित किया जा सकता है?

(A) लोकोक्तियाँ

(B) मुहावरे

(C) शब्द शक्ति

(D) उपर्युक्त सभी

31. कृति की संरचना में वाक्य चयन का प्रकार नहीं है?

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) अर्धमिश्रित वाक्य

32. निम्नलिखित में से कौन-सा पदबंध का प्रकार नहीं हैं?

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध

(D) सम्बोधन पदबंध

33. शब्दों की प्रचलित राशि में से कृति के अनुरूप शब्दराशि का चयन क्या कहलाता है?

(A) रूपचयन

(B) शब्द चयन

(C) पदबंध चयन

(D) ध्वनि चयन

34. शब्द के अनुरणन भाव, अर्थगत कोमलता, कठोरता, ओज, माधुर्य को जीवंत करने के लिए किस चयन की आवश्यकता पड़ती है?

(A) शब्द चयन

(B) रूपचयन

(C) वाक्य चयन

(D) ध्वनि चयन

35. निम्नलिखित में से किस कारक के साथ कारक चिह्न का प्रयोग अनिवार्य नहीं है?

(A) कर्ता

(B) करण

(C) संप्रदान

(D) अपादान

36. विन्यासक्रमी (मेटामिनी) संरचनात्मक विज्ञान में रूपांतरण नियमों को ध्यान में रखकर किस विधा का विश्लेषण किया जाता है?

(A) काव्य विधा

(B) गद्य विधा

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

37. काव्यात्मक उक्तियों के रचनाविधान में प्रतीकों के रेखीय संयोजन की किस व्यवस्था का अनुपालन होता हैं?

(A) विन्यासक्रमी (मेटामिनी)

(B) सहचारक्रमी (मेटाफर)

(C) उक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

38. रचना में शब्दों के मध्यम से अर्थबोध हेतु किसे जाग्रत किया जाता है?

(A) छंद विधान

(B) आंतरिक लय

(C) ऐन्द्रिय संवेदन

(D) शब्द संरचना

39. रचना की स्वायतता (आटोनॉमी) का आशय क्या है?

(A) घटक, प्रकार्य एवं अर्थवत्ता रचना के भीतर है

(B) घटक एवं प्रकार्य की अर्थवत्ता रचना के बाहर है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

40. फर्दिना दि सस्यूर ने भाषिक संरचना के घटकों को प्रकार्य (फंक्शन) के विश्लेषण हेतु किसका उदाहरण दिया है?

(A) लकड़ियों के गट्ठर की

(B) धनुष के प्रत्यंचा की

(C) घोड़े के नाल की

(D) शतरंज के मोहरों की

41. किसी कृति के घटक किसी न किसी आंतरिक विधान से गठित होने के कारण आंतरिक संपूर्णता को प्राप्त करते हैं। शैली वैज्ञानिक अध्ययन में इसके लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(A) प्रकार्य (फंक्शन)

(B) स्वायत्तता (आटोनामी)

(C) सम्पूर्णता (होलनेस)

(D) इनमें से कोई नहीं

42. वाग्मिता (रिटेरिक) किसे कहते हैं?

(A) काव्यकृति के बाह्य स्वरूप को निर्धारित करने वाला रूपविधान

(B) काव्यवस्तु की आंतरिक गतिशीलता की शैली

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

43. वक्ता और श्रोता के बीच संपर्कपरक प्रकार्य (संबंधपरक) से संबंधित उपादान का नाम क्या है?

(A) कोड

(B) सरणि

(C) संदर्भ

(D) संदेश

44. विषय-वस्तु के प्रति निजी भावपरक दृष्टि या विचार किसका होता है?

(A) श्रोता का

(B) संदर्भदाता का

(C) लेखक का

(D) वक्ता का

45. निम्नलिखित में से विशेषण पदबंध का उदाहरण कौन-सा है?

(A) अत्यंत गहरी हरी घास की परत बिछी हुई है

(B) मुंबई का रहनेवाला रोहन आ रहा है

(C) दूर खड़ा कोई दिख रहा है

(D) इनमें से कोई नहीं

46. भाषिक संप्रेषण की प्रक्रिया में कुल कितने उपादान घटित होते हैं?

(A) 8

(B) 7

(C) 6

(D) 5

47. ''उचित क्रम में उचित शब्दों का प्रयोग ही शैली है।'' उक्त कथन किसका है?

(A) फर्दिना दि सस्यूर

(B) चेस्टरफील्ड

(C) चार्ल्स डिर्कस

(D) स्विफ्ट

48. ''शैली विज्ञान भी साहित्य को समझाने-बुझाने की एक दृष्टि है जो शैली के साक्ष्य पर एक ओर साहित्यिक कृति की संरचना (स्ट्रक्चर) और गठन (टेक्सचर) पर प्रकाश डालती है और दूसरी ओर कृति का विश्लेषण करते हुए उसमें अंतर्निहित साहित्यिकता का उद्घाटन करती है।'' उक्त परिभाषा किस विद्वान की है?

(A) बाबूराम सक्सेना

(B) चार्ल्स बेली

(C) रवींद्रनाथ श्रीवास्तव

(D) चेस्टर फील्ड

49. संबोधन सूचक पदों का प्रयोग कहाँ पर किया जाता है?

(A) वाक्यारंभ में

(B) वाक्य के मध्य में

(C) वाक्य के अंत में

(D) इनमें से कोई नहीं

50. मानक हिंदी में व्याकरणिक पदक्रम क्या होता है?

(A) कर्ता-क्रिया-कर्म

(B) कर्म-क्रिया-कर्ता

(C) कर्ता-कर्म-क्रिया

(D) कर्म-क्रिया-कर्ता

51. निम्नलिखित में से 'करना' क्रिया का मानक रूप क्या नहीं होगा?

(A) कीजिए

(B) करो

(C) करिएगा

(D) करिए

52. समाचार पत्र, दूरदर्शन अथवा रेडियो पर भाषा के किस रूप का प्रयोग किया जाता है?

(A) मानक भाषा

(B) संचार भाषा

(C) राजभाषा

(D) राष्ट्रभाषा

53. स्टैंडर्ड हिंदी (Standard Hindi) के लिए प्रयुक्त शब्द है :

(A) मानक भाषा

(B) अमानक भाषा

(C) माध्यम भाषा

(D) संपर्क भाषा

54. राजभाषा हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु किस संस्था की स्थापना की गई है?

(A) केंद्रीय हिंदी निदेशालय

(B) एनसीईआरटी

(C) यूजीसी

(D) इनमें से कोई नहीं

55. संवैधानिक प्रावधान में हिंदी के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

(A) संघ भाषा

(B) राष्ट्रभाषा

(C) राज्य भाषा

(D) राजभाषा

56. ''बहुभाषाभाषी देश की संप्रेषण व्यवस्था अनिवार्यतः संपर्क भाषा अर्थात वृहत्तर आयाम पर लिंगुआ फ्रैंका को जन्म देती हैं तो कभी राष्ट्रभाषा को।'' उक्त कथन किस विद्वान का है?

(A) रवींद्रनाथ श्रीवास्तव

(B) कैलाशचंद्र भाटिया

(C) हरदेव बाहरी

(D) सुनीति कुमार चटर्जी

57. सर्जनात्मक भाषा का उदाहरण किसे मान सकते हैं?

(A) लोक-व्यवहार की भाषा

(B) कवि-कर्म की भाषा

(C) कार्यालयीन भाषा

(D) शासकीय पत्र की भाषा

58. प्राथमिक शिक्षा के लिए सर्वाधिक उपयुक्त भाषा कौन-सी है?

(A) विदेशी भाषा

(B) राष्ट्रीय भाषा

(C) मातृभाषा

(D) लोकभाषा

59. वर्नाक्लुयर (Vernacular) का आशय भाषा के किस रूप से हैं?

(A) भाषा

(B) बोली

(C) उपभाषा

(D) उपबोली

60. दो भाषा समूहों के बीच परस्पर व्यवहार के लिए किस भाषा का प्रयोग होता है?

(A) औपचारिक भाषा

(B) अनौपचारिक भाषा

(C) माध्यम भाषा

(D) राजकीय भाषा

61. 'शैली विज्ञान और आलोचना की नई भूमिका' पुस्तक के लेखक का नाम क्या है?

(A) उदयनारायण तिवारी

(B) भोलानाथ तिवारी

(C) रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव

(D) रामविलास शर्मा

62. लिंक लैंग्वेज (Link Language) का हिंदी रूपांतर क्या है?

(A) साहित्यिक भाषा

(B) मानक भाषा

(C) संपर्क भाषा

(D) व्याकरणिक भाषा

63. औपचारिक भाषा का अन्य नाम क्या है?

(A) मानक भाषा

(B) अमानक भाषा

(C) बोली

(D) उपभाषा

64. शैली वैज्ञानिक अध्ययन की शाखाएँ कौन-कौन सी हैं?

(A) ध्वनीय शैली विज्ञान

(B) शब्दीय शैली विज्ञान

(C) रूपीय शैली विज्ञान

(D) उपर्युक्त सभी

65. शैली वैज्ञानिक अध्ययन की मान्यता क्या है?

(A) कृति के गुण कृति में सन्निहित होते हैं

(B) कृति के गुण परिवेश से ग्राह्य हैं

(C) कृति स्वायत्त रचना नहीं है

(D) कृति का अर्थग्रहण संभव है

66. शैली विज्ञान विश्लेषण के लिए प्रयुक्त भाषिक उपकरणों की सूची में कौन सा सम्मिलित नहीं हैं?

(A) प्रतीकात्मकता

(B) सांकेतिकता

(C) रूढ़ अर्थ

(D) अर्थविज्ञान

67. काव्यभाषा में प्रयुक्त भाषिक उपकरण कौन-कौन सा है?
(A) अलंकार
(B) प्रतीक
(C) बिंब
(D) उक्त सभी

68. काव्यभाषा का सर्वाधिक प्रमुख वैशिष्ट्य क्या होता है?
(A) अनुवादपरक
(B) पर्यायकथन आधारित
(C) रूढ़िग्रस्त
(D) सर्जनात्मक

69. शास्त्रीय भाषा की मूल प्रकृति क्या होती है?
(A) कृत्रिम
(B) प्राकृतिक
(C) जनप्रचलित
(D) सर्वग्राह्य

70. निम्नलिखित में से किसका ग्रहण सामान्य भाषा की परिधि में नहीं होता है?
(A) साहित्य भाषा
(B) कूटभाषा
(C) शास्त्रीय भाषा
(D) कार्यालयी संवाद

71. मानक भाषा (स्टैंडर्ड लैंग्वेज) के लिए हिंदी में किस नाम का प्रयोग नहीं होता है?
(A) साधुभाषा
(B) नागर भाषा
(C) परिनिष्ठत भाषा
(D) कार्यालयी भाषा

72. मानक भाषा का क्षेत्र है?
(A) व्याकरण च्युत भाषा
(B) व्याकरणिक नियमों का अध्ययन
(C) व्याकरणसम्मत भाषा
(D) व्याकरण के नियमों से मुक्ति

73. शैली विज्ञान कृति के अध्ययन में किस मान्यता का अनुपालन करता है?
(A) रचना सृजन के पश्चात सर्जक से स्वतंत्र हो जाती है
(B) रचना सर्जन के पश्चात भी सर्जक अभिप्रेत अर्थ में ही ग्राह्य हैं?
(C) पूर्णतः पाठक की अपेक्षाओं पर केंद्रित हो जाती है
(D) उपर्युक्त सभी

74. शैली विज्ञान मूलतः ............. का एक अंग है। उपर्युक्त अधूरे वाक्य को निम्नलिखित विकल्पों की सहायता से पूर्ण करें।
(A) व्याकरण
(B) भाषा विज्ञान
(C) अनुवाद अध्ययन
(D) रंगमंच अध्ययन

75. शैली विज्ञान की मूल मान्यता क्या है?
(A) साहित्य भाषिक विधान और कला का औचित्यपूर्ण संयोजन है
(B) साहित्य भाषिक विधान मात्र है
(C) साहित्य कलात्मक विधान मात्र है
(D) उपर्युक्त सभी

76. साहित्यिक आलोचना का कौन-सा आयाम शैली विज्ञान से संबंधित है?

(A) बहिरंग आलोचना

(B) अंतरंग आलोचना

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

77. ''मैने आहुति बनकर देखा।''

कविता की इस पंक्ति में विचलन किस स्तर पर दिखाई पड़ता है?

(A) वाक्य स्तर पर

(B) पद प्रयोग के स्तर पर

(C) ध्वनि गठन के स्तर पर

(D) संपूर्ण कृति के स्तर पर

78. शैली विज्ञान और साहित्यिक आलोचना में क्या अंतर है?

(A) शैली विज्ञान भाषिक विन्यास का निर्धारक है जबकि साहित्यिक आलोचना मूल्य निर्णय से संबंधित है

(B) शैली विज्ञान मूल्य निरपेक्ष है जबकि साहित्यिक आलोचना मूल्य सापेक्ष्य है

(C) शैली विज्ञान भाषा के आधार बिंदु पर सौंदर्य का निर्धारक है जबकि साहित्यिक आलोचना सौंदर्यपरक मूल्यों का साक्षात ग्रहण करती है

(D) उपर्युक्त सभी

79. भाषा विज्ञान और शैली विज्ञान का मूल अंतर क्या है?

(A) भाषा विज्ञान भाषा का वर्णनात्मक ज्ञान कराता है जबकि शैलीविज्ञान भाषा के सृजन पक्ष से संबंधित है

(B) भाषा विज्ञान भाषा के वाक्य विश्लेषण तक सीमित है वहीं शैलीविज्ञान वाक्य संरचना के ऊपर कृति तक परिव्याप्त है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

80. शैलीविज्ञान की प्रतिष्ठापना का श्रेय किसे प्राप्त है?

(A) हैलिडे

(B) स्पोर्टा

(C) चार्ल्स बेली

(D) फर्दिना दि सस्यूर

81. शैलीविज्ञान की मूल छवि किस प्रकृति की है?

(A) समाजनिष्ठ

(B) आत्मनिष्ठ

(C) वस्तुनिष्ठ

(D) परनिष्ठ

82. 'रीतिविज्ञान' नामक कृति के रचयिता कौन हैं?

(A) विद्यानिवास मिश्र

(B) रमेशचन्द्र मिश्र

(C) रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव

(D) केदारनाथ सिंह

83. शैलीविज्ञान मूलरूप से किस पर बल प्रदान करता है?

(A) अभिव्यक्ति पर

(B) कथ्य पर

(C) अभिव्यक्ति और कथ्य के अंतःसंबंधों पर

(D) इनमें से कोई नहीं

84. व्यावहारिक भाषा में वाक्यों के अनुक्रम अथवा संयोजन को क्या कहा जाता है?

(A) प्रोक्ति

(B) उक्ति

(C) वाक्य

(D) वाक्य संरचना

85. अर्थग्रहण के परिप्रेक्ष्य में भाषा की आधारभूत व अधिकतम इकाई किसे माना जाता है?

(A) ध्वनि

(B) शब्द

(C) वाक्य

(D) पद

86. शैलीविज्ञान में अर्थग्रहण हेतु कौन-सा रूप ग्राह्य नहीं है?

(A) शब्द विचलन

(B) वाक्य विचलन

(C) कोशगत अर्थ

(D) वाक्यांश विचलन

87. शैली का अध्ययन मानक से विचलन के रूप में करने का आशय क्या नहीं है?

(A) भाषिक रूप और सौंन्दर्य का बोध

(B) भाषिक शब्दों का परंपरागत अर्थबोध

(C) देश-काल विशेष का बोध

(D) कृति का उद्देश्य बोध

88. कवि या लेखक द्वारा भाषा विषयक मानक के अतिक्रमण का कौन सा रूप अभीष्ट नहीं है?

(A) सांस्कृतिक वर्चस्व

(B) वैयाकरणिक विचलन

(C) भाषा निष्पादन

(D) ग्राह्यता अथवा स्वीकार्यता

89. लेखक एवं वक्ता की भाषा का निर्धारण किन आधारों पर होता है?

(A) विशेष प्रयोजन पर आधारित

(B) घटना आधारित

(C) परिस्थिति, स्वभाव एवं प्रकृति पर आधारित

(D) उपर्युक्त सभी

90. ''शैली ही व्यक्ति है''। इस धारणा के प्रस्तावक कौन थे?

(A) नोम चाम्स्की

(B) सस्यूर

(C) जॉक देरिदा

(D) ब्यूफो

91. आचार्य भरतमुनि ने रीति विवेचन के क्रम में किस रीति का नामोल्लेख नहीं किया है?

(A) दाक्षिणात्य

(B) औदीच्य

(C) औड्रमागधी

(D) आवंती

92. काव्यार्थ के शोभाकारी धर्म को 'रीति' का नाम देने वाले आचार्य का नाम क्या है?

(A) आचार्य भरतमुनि

(B) आचार्य दंडी

(C) आचार्य वामन

(D) आचार्य मम्मट

93. वर्तमान समय में शैली शब्द की अर्थव्यापकता की परिधि में कौन-सा क्षेत्र परिगणित नहीं है?

(A) साहित्य

(B) वास्तुकला

(C) चित्रकला

(D) व्यवसाय

94. संस्कृत भाषा में 'शैली' शब्द की मूल व्युत्पत्ति किस भाषा से मानी गई है?

(A) सील

(B) शील

(C) शो

(D) शीङ्

95. पश्चिमी साहित्य चिंतन में भव्य शैली के लिए किन गुणों को आवश्यक माना गया है :

(A) सरलता

(B) प्रभावात्मकता

(C) लयात्मकता

(D) उपर्युक्त सभी

96. अरस्तू ने काव्य भाषा विवेचन करते हुए शैली का कौन-सा प्रकार स्वीकार नहीं किया है?

(A) औदात्य

(B) मिश्रित

(C) विचित्र

(D) सहज

97. 'शैली' शब्द के समानांतर भारतीय काव्यशास्त्र में किस शब्द का प्रयोग चला आ रहा है?

(A) लेखन विधा

(B) अभिव्यक्ति विधा

(C) रीति

(D) औचित्य विधान

98. वर्तमान समय में 'शैली' शब्द से कौन-सा अर्थ अभिप्रेत नहीं है?

(A) विशिष्ट लेखन शैली

(B) स्वयं की सृजनात्मक अभिव्यक्ति

(C) नवोन्मेषपरक अभिव्यक्ति

(D) अनुवादक का आशय

99. स्टील्स (Stilus) शब्द का मूल अर्थ क्या है?

(A) लोहे की लेखनी

(B) लकड़ी की लेखनी

(C) राख से बनी स्याही

(D) पुरानी पोथियों के पन्ने

100. शैलीविज्ञान के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द 'Stylistics' का मूल शब्द 'Stilus' है। इस शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है?

(A) ग्रीक

(B) लैटिन

(C) यूनानी

(D) रोमन

**Rough Work**

रफ कार्य

***Example :***

**Question :**

**Q. 1** (A) ● (C) (D)

**Q. 2** (A) (B) ● (D)

**Q. 3** (A) ● (C) (D)

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**

*उदाहरण :*

**प्रश्न :**

**प्रश्न 1** (A) ● (C) (D)

**प्रश्न 2** (A) (B) ● (D)

**प्रश्न 3** (A) ● (C) (D)

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**